P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शनिवार 20 जून 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 201
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत


राष्ट्रपिता को नमन...


## अंदर के पन्नों पर...

सेना की जमीन पर फिर चला बुलडोजर



पेज-2

'कॉकटेल 2' रश्मिका की 'दिया' ने जीता दिल



पेज-5

योग उत्सव में 200 से अधिक लोगों ने किया योग



पेज-6


## न्यूज ब्रीफ

- RICS NSA बैठक : चीन-भारत बातचीत पर रहेगा फोकस
- जहांगीर खान की पत्नी गिरफ्तार, पति की गिरफ्तारी के खिलाफ कर रही थीं प्रदर्शन
- ईरान के अरबों डॉलर फंड पर अमेरिका-कतर बना रहे योजना
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पीएम मोदी ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं
- खाड़ी देशों की बढ़ी टेंशन! ईरान के गुप्त हमलावर नेटवर्क का दावा
- दिल्ली के शाहदरा में घर में लगी आग, मौके पर पहुंचीं 6 दमकल गाड़ियां
- 'उकसावे की राजनीति छोड़िए', उद्धव को शिंदे का जवाब
- डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत अमेरिका-ईरान वार्ता के लिए स्विट्जरलैंड रवाना
- BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 20 से 22 जून तक पंजाब दौरा पर रहेंगे
- लंदन में 2 ट्रेनें आपस में टकराईं, एक शख्स की मौत
- अकाल तख्त साहिब ने भगवंत मान और कैबिनेट मंत्रियों को तलब किया
- जंतर-मंतर पर आज 'कॉकरोच जनता पार्टी' का प्रदर्शन

# इंदौर में अब घर बैठे मंगा सकते हैं डीजल

## एमपी की पहली 'जिप्प फ्यूल' सर्विस शुरू, व्हाट्सएप मैसेज से होगा उपलब्ध

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ◘ इंदौर में प्रदेश में पहली बार 'जिप्प फ्यूल' नाम से डीजल की होम डिलीवरी सेवा शुरू की गई है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) के डीलर ने पलसीकर कॉलोनी स्थित पेट्रो फिलिंग स्टेशन से यह पहल शुरू की है। इसके तहत उपभोक्ता अब घर या कार्यस्थल से ही डीजल मंगा सकेंगे।

इंदौर पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और पेट्रो फिलिंग स्टेशन के संचालक राजेंद्र सिंह वासु ने बताया कि इस सेवा का औपचारिक शुभारंभ 19 जून को किया गया है। इसके तहत ग्राहकों को डीजल PESO (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) द्वारा अनुमोदित सुरक्षा कैन में सुरक्षित रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। यह डीजल के परिवहन और स्टोरेज संबंधी सरकारी मानकों के अनुरूप हैं। हाल ही में डीजल वितरण के नियमों को सख्ती से लागू किए जाने के बाद केवल अनुमोदित कंटेनरों में ही डीजल देने की व्यवस्था लागू हुई थी।




### वाट्सएप नंबर से ग्राहक करेंगे ऑर्डर

*इस सेवा का लाभ लेने के लिए ग्राहकों को वाट्सएप नंबर 8839818718 पर उपलब्ध ऑटोमैटिक व्हाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से ऑर्डर करना होगा। चैटबॉट ग्राहकों को डीजल की मात्रा, डिलीवरी का पता, पसंदीदा समय और भुगतान विकल्प चुनने की सुविधा देगा।*

***चार घंटे में डिलीवरी का दावा**-शुरुआती चरण में यह सेवा इंदौर शहर के अधिकांश क्षेत्रों में उपलब्ध रहेगी। मांग और दूरी के आधार पर ग्राहकों को अधिकतम चार घंटे में डीजल की आपूर्ति करने का लक्ष्य रखा गया है।*

***माप और सुरक्षा का विशेष ध्यान**-प्रत्येक डिलीवरी वाहन में प्रमाणित माप उपकरण लगाए गए हैं, जिनमें पांच लीटर क्षमता का कैलिब्रेटेड माप यंत्र भी शामिल है। इससे ग्राहकों को ऑर्डर की गई डीजल की सटीक मात्रा मिलने की गारंटी रहेगी। वासु का कहना है कि यह पहल भविष्य में शहरी क्षेत्रों में डीजल वितरण का नया मॉडल साबित हो सकती है, जहां सुविधाजनक सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है।*

# एक ओर प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी, 12 से ज्यादा सीईओ और आधा दर्जन कलेक्टर बदले जाएंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ◘ राज्य शासन द्वारा की गई प्रशासनिक सर्जरी में 29 आईएएस बदले गए हैं। इनमें मंत्रालय में पदस्थ अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव के साथ निगम-मंडल के एमडी तथा दो संभाग के आयुक्त शामिल हैं। अब जल्द ही एक और लिस्ट आने की संभावना है, जिसमें एक दर्जन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और छह से अधिक जिलों के कलेक्टर होंगे।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार एक और लिस्ट तैयार है। इसमें दो साल से अधिक समय से पदस्थ कलेक्टर बदले जाएंगे। जिन नामों की संभावना है उनमें वर्ष 2011 बैच की आईएएस और ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान हैं। इनके अलावा ऋजु बाफना शाजापुर, विवेक श्रोत्रीय टीकमगढ़, गिरीश मिश्रा राजगढ़, अदिति गर्ग मंदसौर के नाम चर्चा में हैं। गिरीश मिश्रा और अदिति को दूसरे जिले की कमान मिल सकती है। इस फेरबदल में मप्र पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक दिलीप यादव को ग्वालियर जिले का कलेक्टर बनाए जाने की संभावना है। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में पदस्थ दीपक आर्य को भी जिले में भेजा जाएगा।

**अब इनकी भी बारी :** चूंकि वर्ष 2017 बैच के आईएएस अफसरों को कलेक्टर बनाने का क्रम प्रारंभ हो गया है, इसलिए इस बैच के गुरुप्रसाद उप सचिव सीएस कार्यालय, अंकिता धाकरे उप सचिव सामाजिक न्याय, दिव्यांक सिंह अपर आयुक्त नगरीय विकास, शेर सिंह मीना आयुक्त नगर निगम सतना और कुमार सत्यम तथा अंजु अरुण कुमार को कलेक्टर बनाया जा सकता है।

■ ***इन जिलों के सीईओ इधर से उधर हो सकते हैं**-दो साल से पदस्थ जिला पंचायत के सीईओ भी इधर से उधर होंगे। इनमें अभिषेक चौधरी धार, अभय सिंह ओहरिया उमरिया, नवीत कुमार धुर्वे टीकमगढ़, काजल जावला बड़वानी, नागार्जुन बी गौड़ा खंडवा, जितेंद्र सिंह चौहान झाबुआ, अभिषेक सराफ बालाघाट, विवेक केवी सागर और अग्रिम कुमार छिंदवाड़ा हैं। वर्ष 2022 बैच के आईएएस सीईओ बनाए जा सकते हैं।*

## महाकाल के दरबार में...


उज्जैन। केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज सुबह महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# नीट री-एग्जाम के लिए आज देशभर में मॉकड्रिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ◘ NEET-UG 2026 री-एग्जाम से पहले नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) शनिवार को देशभर में मॉक ड्रिल कर रहा है। एग्जाम को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन और सेंटरीय एजेंसियों के साथ मिलकर मल्टी लेयर सिक्योरिटी तैयार की गई है।

21 जून को होने वाली एग्जाम में 22.79 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए भारत के 551 और विदेश के 14 शहरों में 5000 से ज्यादा एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं। NTA के मुताबिक एग्जाम कंडक्ट कराने में 2 लाख से अधिक कर्मी, 674 सिटी कोऑर्डिनेटर और 6,669 ऑब्जर्वर लगाए गए हैं। NTA के अनुसार, एग्जाम दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक पेन-एंड-पेपर मोड में होगी। P2D और P2BD श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय देते हुए शाम 6:20 बजे तक एग्जाम लिखने की अनुमति होगी। दिल्ली में पुलिस भी मॉक ड्रिल में शामिल हुई। दिल्ली में पुलिस भी मॉक ड्रिल में शामिल हुई। दिल्ली में सेंटर्स के बाहर अधिकारियों ने मॉक ड्रिल का जायजा लिया। दिल्ली में सेंटर्स के बाहर अधिकारियों ने मॉक ड्रिल का जायजा लिया। दरअसल, 3 मई 2026 को NEET-UG परीक्षा देशभर में आयोजित की गई थी। परीक्षा के बाद कई राज्यों से प्रश्नपत्र लीक होने और कुछ अभ्यर्थियों को पहले से पेपर मिलने के आरोप सामने आए। जांच में गड़बड़ियों के संकेत मिलने पर NTA ने 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी। इसके बाद केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों की समीक्षा के आधार पर दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया गया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों ने 21 जून को होने वाली NEET-UG एग्जाम का नया एडमिट कार्ड पहले ही डाउनलोड कर लिया है, उन्हें इसे दोबारा डाउनलोड करने की आवश्यकता नहीं है।

# कागजों में व्यापारी भरेंगे टैक्स पर कटेगी किसान की जेब!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ◘ राज्य सरकार ने कृषि उपज मंडियों में लगने वाले शुल्क को फिर बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत कर दिया है। कागजों में यह शुल्क व्यापारी और खरीदारों से वसूला जाएगा, लेकिन किसान संगठनों का आरोप है कि इसकी असली कीमत आखिरकार किसानों को ही चुकानी पड़ेगी। उनका कहना है कि मंडियों में कारोबार की लागत बढ़ने पर व्यापारी उसकी भरपाई किसानों की उपज के भाव में कटौती कर करेंगे।

ऐसे में जिस किसान को अपनी फसल का बेहतर दाम मिलने की उम्मीद रहती है, उसकी जेब पर ही इस फैसले का असर पड़ सकता है। खास बात यह है कि करीब ढाई साल पहले 6 अक्टूबर 2023 को सरकार ने किसानों और व्यापारियों को राहत देने का हवाला देते हुए मंडी शुल्क 1.5 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत किया था, जिसे अब फिर बढ़ा दिया गया है। बढ़ा हुआ शुल्क 15 जून से लागू हो गया है।



**डेढ़ रुपए के मंडी शुल्क का ये है पूरा गणित**-मंडी शुल्क के डेढ़ रुपए में से 75 पैसे सीधे राज्य स्तर की विभिन्न योजनाओं में जाएंगे। इनमें किसान सड़क निधि, कृषि अनुसंधान एवं अधोसंरचना विकास, गौ संवर्धन और मुख्यमंत्री कृषक कल्याण जैसी योजनाएं शामिल हैं। इसके बाद बची 75 पैसे की राशि में से 30 प्रतिशत यानी करीब 23 पैसे बोर्ड स्तर के खर्चों और व्यवस्थाओं के लिए रखे जाएंगे। शेष लगभग 52 पैसे मंडी स्तर पर खर्च होंगे। इसमें करीब 10 पैसे मंडी की स्थायी निधि में जमा किए जाएंगे, जबकि करीब 5 पैसे सुरक्षित निधि के लिए रखे जाएंगे। बची हुई लगभग 37 पैसे की राशि संबंधित मंडी के संचालन, रखरखाव, विकास कार्यों, नीलामी प्लेटफॉर्म, सड़क, पानी, बिजली और अन्य स्थानीय सुविधाओं पर खर्च की जाएगी।

**मंडी टैक्स को लेकर किसान की चिंता की असल वजह ये है**-मान लीजिए कि प्रदेश में यदि कोई किसान मंडी में 1 लाख रुपये की फसल बेचता है, तो उस बेची गई उपज पर पहले 1,000 रुपये का मंडी शुल्क बनता था, जो अब बढ़कर 1,500 रुपये हो जाएगा।

हालांकि ये शुल्क प्रत्यक्ष तौर पर व्यापारी मंडी को देता है, लेकिन किसानों का मानना है कि व्यापारी अपना मुनाफा कम नहीं करेगा, इसलिए वे फसल खरीदते समय प्रति क्विंटल पर कुछ रुपये कम की बोली लगा सकते हैं। इससे मंडी के भाव में कमी आएगी।

# आगामी सत्र से 100 से अधिक डिग्री कोर्स और 140 से ज्यादा संबद्ध कॉलेजों में एआई मॉड्यूल होगा लागू

## डीएवीवी में हर छात्र पढ़ेगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ◘ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा में बड़ा बदलाव करते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से अपने सभी प्रमुख पाठ्यक्रमों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय के 34 शिक्षण विभागों में संचालित 100 से अधिक डिग्री कोर्स तथा 140 से ज्यादा संबद्ध कॉलेजों के 50 से अधिक स्पेशलाइजेशन प्रोग्राम में एआई आधारित मॉड्यूल पढ़ाए जाएंगे।

कुलगुरु डॉ. प्रो राकेश सिघई ने बताया कि छात्रों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए साइंस, इंजीनियरिंग, कॉमर्स, मैनेजमेंट और अन्य विषयों में




एआई टूल्स, डेटा एनालिटिक्स तथा कम्प्यूटेशनल थिकिंग की शिक्षा दी जाएगी। उद्देश्य केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योगों में उपयोग होने वाली आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव भी उपलब्ध कराना है।

नई व्यवस्था के तहत एमबीए, फाइनेंस, मार्केटिंग, बिजनेस इकोनॉमिक्स, ई-कॉमर्स, फॉरेन ट्रेड, एचआर, टूरिज्म और इंटरप्रेन्योरशिप जैसे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में एआई की पढ़ाई अनिवार्य होगी। वहीं बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीए ऑनर्स, बीए एलएलबी, बीएसडब्ल्यू और बीफॉर्मा सहित स्नातक पाठ्यक्रमों में भी एआई आधारित अध्ययन को शामिल किया जाएगा।

**कॉर्पोरेट क्षेत्र में बढ़ रही भूमिका**-विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में वित्तीय और कॉर्पोरेट क्षेत्र में एआई एवं डेटा एनालिटिक्स की भूमिका और बढ़ेगी। वरिष्ठ सीए आनंद जैन के अनुसार चार्टर्ड अकाउंटेंसी और कंपनी सेक्रेटरी जैसे पेशेवर पाठ्यक्रमों में भी एआई, डेटा प्रबंधन, डिजिटल कंप्लायंस और ऑटोमेटेड रिपोर्टिंग की समझ आवश्यक होती जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए पेशेवर शिक्षा संस्थाएं भी अपने पाठ्यक्रमों में तकनीकी बदलाव कर रही हैं।

# लेबनान के हमले से ईरान नाराज, फिर बंद किया होर्मुज

**तेहरान (एजेंसी)** ◘ अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने के लिए बीते बुधवार को हुए समझौते के कुछ घंटों के अंदर ही ईरान एक बार फिर आगबबूला हो गया है। ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को दोबारा बंद करने का ऐलान कर दिया है।

इसकी वजह है इजरायल। दरअसल इजरायल ने युद्धविराम के बाद भी लेबनान में हमले जारी रखे हैं। इसे लेकर ही ईरान भड़क गया है। ईरानी सेना ने एक चेतावनी जारी कर कहा है कि इजरायल का लेबनान पर आक्रमण अमेरिका के साथ हुए समझौते के पूरी तरह खिलाफ है। मैरीटाइम रेडियो चैनलों पर जारी एक बयान में, ईरान के इस्लामिक



रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने साफ कहा कि जब तक समझौते की शर्तों को नहीं माना जाएगा, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद रहेगा। आधिकारिक बयान में कहा गया, 'चूंकि लेबनान से इजरायल की वापसी, नौसैनिक नाकेबंदी को पूरी तरह से हटाना, और फारस की खाड़ी और इस क्षेत्र से अमेरिकी आतंकवादियों की वापसी ईरान और अमेरिका के बीच हुए समझौते की मुख्य शर्तों में शामिल हैं; इसलिए जब तक ये शर्तें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक होर्मुज पूरी तरह से बंद रहेगा।' गौरतलब है कि बीते बुधवार को ही इस समझौते पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने हस्ताक्षर किए थे।

# यूसीसी पर मुस्लिम भाई-बहनों के भी आ रहे सुझाव, जल्द पास कराएंगे-सीएम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को इंदौर पहुंचे। वे एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति के स्वागत के लिए आए थे। इसके बाद वे अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसी दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत की और यूसीसी को लेकर अहम बात कही। मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर अहम बात कही है। इंदौर में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसे विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले पारित कराने की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक कमेटी बनाई गई है, जिसे अब तक लाखों सुझाव (यूसीसी लागू करने की तैयारी) मिल चुके हैं।



**एमपी में यूसीसी लागू करना आसान नहीं**-प्रस्तावित नियम उत्तराखंड और गुजरात के मॉडल की तरह हो सकते हैं। इसमें लिव-इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन जरूरी किया जा सकता है, यानी जो लोग साथ रह रहे हैं, उन्हें रजिस्ट्रार के पास जाकर अपनी जानकारी दर्ज करानी होगी। इसके अलावा, लिव-इन से पैदा हुए बच्चों को कानूनी अधिकार मिलेंगे। साथ ही महिला को भरण-पोषण का दावा करने का भी हक होगा। हालांकि एमपी में इसे लागू करना आसान नहीं दिख रहा है। यहां लगभग 21% जनजातीय आबादी है, जिनकी अपनी परंपराएं हैं। ऐसे में सवाल ये उठता है कि क्या इन जनजातियों को यूसीसी से बाहर रखा जाएगा।

**मध्य प्रदेश में 21% लोग अनुसूचित जनजातियों से**-मध्य प्रदेश जनजातीय आबादी वाला राज्य है। यहां लगभग 21% लोग अनुसूचित जनजातियों से हैं। यहां 46 से ज्यादा जनजातियां अपनी परंपराओं के साथ रहती हैं। उत्तराखंड में ये आंकड़ा 2.9% और गुजरात में लगभग 15% है। इन दोनों राज्यों ने जनजातीय समुदाय को यूसीसी से बाहर रखा है क्योंकि यह उनके संवैधानिक अधिकारों में शामिल है। अब सवाल ये उठता है कि क्या मध्य प्रदेश भी ऐसा करेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मामला जनजातीय आबादी और चुनावी प्रभाव से जुड़ा हुआ है।

मध्य प्रदेश में अगर यूसीसी लागू होता है, तो लिव-इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो सकता है। यानी जो जोड़े सहमति से साथ रहते हैं, उन्हें नजदीकी रजिस्ट्रार के पास जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

अगर उत्तराखंड मॉडल अपनाया जाता है तो लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों को विवाह जैसा अधिकार मिल सकता है। इन जोड़ों को रजिस्ट्रार को अपनी जानकारी देनी होगी ताकि यह सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हो सके। वहीं अगर प्रदेश का कोई निवासी दूसरे राज्य में लिव-इन रिलेशनशिप में रहता है, तो वह भी राज्य के रजिस्ट्रार को सूचना दे सकता है। कुछ मामलों में रजिस्ट्रेशन नहीं होगा, जैसे भाई-बहन का रिश्ता, पहले से शादीशुदा होना, नाबालिग होना, या रिश्ता दबाव या धोखे में बनाना। रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करने के बाद रजिस्ट्रार इसकी जांच करेगा। जरूरत पड़ी तो दोनों को बुलाया जा सकता है और 30 दिनों के अंदर निर्णय लिया जाएगा। लिव-इन रिलेशनशिप से पैदा हुए बच्चों को वैध माना जाएगा। साथ ही उन्हें शादीशुदा जोड़ों के बच्चों की तरह कानूनी अधिकार मिलेंगे।

### यूसीसी पर यह बोले सीएम यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समान नागरिक संहिता उनकी सरकार का महतवपूर्ण संकल्प है। उन्होंने कहा कि जब देश एक है तो अलग-अलग नागरिक कानूनों की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि मध्य प्रदेश भी उन राज्यों में शामिल होने जा रहा है जो यूसीसी लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यूसीसी को लेकर गठित समिति लगातार प्रदेशभर से सुझाव प्राप्त कर रही है और अब तक लाखों लोगों ने अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न वर्गों के साथ-साथ मुस्लिम भाई-बहनों से भी कई सकारात्मक सुझाव मिले हैं। वे भी कानून के पक्ष में हैं। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार आगामी शीतकालीन सत्र से पहले किसी भी हाल में यूसीसी विधेयक को पारित कराने का पूरा प्रयास करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नीट की परीक्षा केंद्रों पर बिजली के पर्याप्त इंतजाम के निर्देश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नीट की अंडर ग्रेजुएट परीक्षा 21 जून को मालवा निमाड़ में 10 जिलों में आयोजित होगी। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने इस परीक्षा के मद्देनजर सभी दस जिलों में परीक्षा केंद्रों पर बिजली आपूर्ति का पर्याप्त इंतजाम एवं पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। श्री सिंह ने इंदौर एवं उज्जैन के मुख्य अभियंताओं को सभी कार्यपालन यंत्रियों, अधीक्षण यंत्रियों से संपर्कित कहकर समुचित तैयारी करने एवं केंद्रों पर बिजली कार्मिकों की ड्यूटी लगाने को कहा है। रविवार दोपहर उपरोक्त परीक्षा इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच, खंडवा, खरगोन, बड़वानी जिलों में आयोजित की जाएगी।

### योग दिवस पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी आज से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी सेंट्रल जिमखाना क्लब (नेहरू स्टेडियम के पास ) प्रदर्शित की जा रही है। प्रदर्शनी का शुभारंभ 20 जून को को सांसद श्री शंकर लालवानी करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

### 18 जून से शुरू होगी पोवा 8 की बिक्री

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पोवा का अब तक का सबसे दमदार स्मार्टफोन पोवा 8 18 जून से आधिकारिक रूप से पूरे भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। आकर्षक डिज़ाइन, शानदार अलाइव मैट्रिक्स, इंडस्ट्री की सबसे बड़ी 8000एमएएच बैटरी और इंटेलिजेंट ट्रिपल-चिपसेट कनेक्टिविटी के साथ पोवा 8 उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो साधारण विकल्पों से संतुष्ट नहीं होते। पोवा स्मार्टफोन सिर्फ़ एक डिवाइस नहीं, बल्कि व्यक्ति की पहचान की निशानी होनी चाहिए।

### टाटा मोटर्स जुलाई से वाहनों की कीमतें बढ़ाएगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● टाटा मोटर्स ने आज अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5% तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है, जो 1 जुलाई 2026 से लागू होगी। कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और अन्य इनपुट लागतों के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए यह मूल्य वृद्धि की जा रही है। कीमतों में यह बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और वैरिएंट के आधार पर अलग-अलग होगी।

### रेशम समृद्धि योजना के तहत नवीन हितग्राहियों का ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सहायक संचालक रेशम कार्यालय इंदौर के अंतर्गत इंदौर, धार, झाबुआ एवं अलीराजपुर जिलों में रेशम संचालनालय मध्यप्रदेश की विभागीय 'रेशम समृद्धि योजना' के तहत वर्ष 2026-27 के लिए नवीन कृषकों का ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। इच्छुक कृषक विभागीय रेशम पोर्टल https//eresham.mp.gov.in पर अपना ऑनलाइन पंजीयन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बताया गया कि रेशम उत्पादन से जुड़कर कृषक अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।

### समीक्षा बैठक संपन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनोज जायसवाल, घनश्याम सिंह परिहार, गणेश यादव सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों ने सहभागिता की।

**बंडा बस्ती में पांच विभागों का संयुक्त अभियान**

## सेना की जमीन पर फिर चला बुलडोजर, 5 मकान जमींदोज, अवैध पशु बाड़ों को भी तोड़ा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**महू** ● सैन्य भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ एक बार फिर शुक्रवार को पांच विभागों की संयुक्त टीम ने बंडा बस्ती में बड़ी कार्रवाई की। दरअसल, अवैध गौवंश मामले के बाद प्रशासन की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इस अभियान के तहत करीब आधा एकड़ रक्षा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अमले ने बुलडोजर की मदद से पांच पक्के मकानों और कई अवैध पशु बाड़ों को जमींदोज कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी अतिक्रमणकारियों को पहले ही वैधानिक नोटिस देकर जमीन खाली करने की समय-सीमा दी गई थी। निर्धारित अवधि में कब्जा न हटाए जाने पर यह सख्त कदम उठाना पड़ा।



**संवेदनशीलता के कारण कड़ा पहरा**-हाल ही में क्षेत्र में सामने आए गोवंश हत्या के मामले के बाद यहां स्थिति काफी संवेदनशील बनी हुई थी। किसी भी प्रकार के विरोध या अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुबह से ही मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। कड़े सुरक्षा घेरे के बीच पूरी कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस कार्रवाई में सेना, रक्षा संपदा विभाग, छावनी परिषद, प्रशासन और स्थानीय पुलिस की टीमें शामिल रहीं। अधिकारियों ने दो टूक कहा है कि सैन्य भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आने वाले दिनों में भी ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### सरयूपारिण ब्राह्मण समाज के छात्र छात्राओं को नि:शुल्क किताब कापी का वितरण कल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सरयूपारिण ब्राह्मण के गौतम तिवारी, शिक्षा प्रकोष्ठ धीरेंद्र ओझा अजय त्रिपाठी ने बताया की 21 जून रविवार को सुबह 10 बजे से हंसदास मठ बड़ा गणपति पर हर वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी समाज के आर्थिक रूप से 70 कमजोर बच्चों को समाजनो के सहयोग से किताब व कापी बैग, पानी की बाटल, लंच बॉक्स, कम्पास नि:शुल्क प्रदान किया जावेगा, साथ ही अल्केश पाण्डेय अमित तिवारी ने बताया की इस अवसर पर समाज के 10वी एवम 12 वी प्रतिभावान लगभग 22 विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जावेगा एवम् जगदिश तिवारी व नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया की कक्षा 8 से 12 तक के बच्चों की करियर काउंस लिंग की जाएगी उपरोक्त सभी कार्यों में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और सहयोगिगण उपस्थित रहेंगे।

## डॉक्टर्स डे-वर्ल्ड म्यूजिक डे के उपलक्ष्य में 28 जून को सजेगी सुरों की महफिल 'सुर जी कल स्ट्राइक'

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के चिकित्सकों का प्रतिष्ठित सांस्कृतिक समूह स्पंदन परिवार पिछले 35 वर्षों से चिकित्सा सेवा और संगीत साधना के अनूठे संगम की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी डॉक्टर्स डे एवं वर्ल्ड म्यूजिक डे संयुक्त रूप से मनाने जा रहा है। इसी कड़ी में 28 जून को शाम 6 बजे से लाभ मंडपम ऑडिटोरियम, खेल प्रशाल, इंदौर में संगीतमय संध्या 'सुर जी कल स्ट्राइक' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर के चिकित्सक कलाकार अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से श्रोताओं को पुराने और नए मधुर गीतों की मनमोहक यात्रा पर ले जाएंगे। इस वर्ष के आयोजन की विशेष आकर्षण प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन एवं गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा चुके डॉ. दीपक कुलकर्णी रहेंगे, जो पहली बार स्पंदन डॉक्टर्स टीम का हिस्सा बन रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को उनसे रूबरू होने का अवसर मिलेगा और वे उनके सुरों का जादू भी सुन सकेंगे। आयोजन में डॉ. हेमंत मंडोवरा, डॉ. अमित वर्मा, डॉ. प्रमोद नीमा, डॉ. अतुल भट्ट, डॉ. पिनाक भटनागर, डॉ. रूचि शाह, डॉ. मून जैन, डॉ. निकिता भटनागर सहित कई चिकित्सक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार लोंढे करेंगे, जबकि संगीत संयोजन अभिजीत गौड़, कपिल राठौर एवं साथी कलाकारों द्वारा किया जाएगा। स्पंदन परिवार के सदस्य एवं आयोजन से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज भटनागर ने कहा कि चिकित्सकों का जीवन अत्यंत व्यस्त और जिम्मेदारियों से भरा होता है, ऐसे में संगीत उन्हें मानसिक संतुलन, सकारात्मक ऊर्जा और नई प्रेरणा प्रदान करता है।

### मुख्यमंत्री ने तुलसी नगर पुलिया से निपानिया तक सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में आयोजित लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि नगर निगम ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा स्वच्छता अभियान में इंदौर ने देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्य सरकार ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया है और उसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

### सीएम डॉ. यादव आज प्रस्तावित कार्यक्रम हेतु सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की ब्रीफिंग आयोजित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के चंद्रावतीगंज क्षेत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 20 जून को प्रस्तावित भूमि-पूजन कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को पूर्णत: चाक-चौबंद बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण राजेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा जिले के समस्त पुलिस बल की व्यापक ब्रीफिंग आयोजित की गई। ब्रीफिंग के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## घरों और दुकानों से निकलने वाले कचरे से टेबल, कुर्सी और दरवाजे बनेंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● केंद्रीय संयुक्त सचिव जल शक्ति मंत्रालय पेयजल एवं स्वच्छ विभाग सुश्री ऐश्वर्या सिंह ने आज एफएसटीपी (फ़िकल स्लज व ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन इकाई) एवं पीडब्लूएमयू ग्राम पंचायत काली बिल्लोद का दौरा कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुश्री ऐश्वर्या सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाया जा रहा है, जिसका मकसद ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रबंधन सुनिश्चित करना, पर्यावरण प्रदूषण को कम करना, स्वच्छ वातावरण का निर्माण करना साथ ही रिसाइकल कर पुन: उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा जनसामान्य में स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सामाजिक स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के स्तर में सुधार करना। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत काली बिल्लोद में स्थित एफएसटीपी और ठोस कचरे के निपटान का एक ऐसा माडल है, जिसकी सराहना राष्ट्रीय स्तर पर भी हो चुकी है। मध्यप्रदेश का यह एकमात्र ऐसा केन्द्र है, जहां प्रभावी रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन किया जाता है। साथ ही ठोस कचरे का वैज्ञानिक संग्रहण पृथक्करण, परिवहन, प्रसंस्करण एवं निपटान किया जा रहा है। बढ़ती जनसंख्या और शहरीकरण के कारण स्वच्छ वातावरण जरूरी है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि काली बिल्लाद स्थित एफएसटीपी में शीघ्र ही आधुनिक मशीनें आ रही है। मशीनों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट कचरे का वैज्ञानिक विधि द्वारा पहले उसका चूर्ण बनाया जायेगा और उसके बाद उससे दरवाजे, खिड़कियां, टेबल, कुर्सी आदि निर्मित होंगे। इससे कचरे का सही उपयोग होगा वहीं आमदनी भी होगी। सुश्री ऐश्वर्या सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एक महत्वपूर्ण कार्य है। इसके बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाये।

### 300 पाव देशी मदिरा व दोपहिया वाहन जब्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलेक्टर इंदौर शिवम वर्मा के निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी अनिल माथुर के नेतृत्व में गत दिवस वृत्त काछी मोहल्ला क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वृत्त उप निरीक्षक भगवानदास अहरवार एवं उनकी टीम ने गश्त के दौरान कालका माता मंदिर के आगे कल्याण मिल तिराहा पर एक सुजुकी एक्सेस दोपहिया वाहन को रोककर तलाशी ली।

## 5 माह से नहीं मिला स्टाइपेंड, एबीवीपी का प्रदर्शन

**सौंपा ज्ञापन, समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी**

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गवर्नमेंट एग्रीकल्चर कॉलेज के विद्यार्थियों की समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंदौर महानगर ने शुक्रवार को डीन कार्यालय पर प्रदर्शन किया। परिषद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए महाविद्यालय प्रशासन को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों के शीघ्र निराकरण की मांग की।



ज्ञापन में वर्ष 2025-26 के RAWE (रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस) कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मिलने वाले स्टाइपेंड के भुगतान में हो रही देरी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। परिषद का कहना है कि पांच माह बीत जाने के बावजूद छात्रों को स्टाइपेंड नहीं मिला है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## एमपीपीएससी मेंस परीक्षा 2025 का शेड्यूल जारी : 158 पदों के लिए 4 हजार कैंडिडेट्स

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य सेवा परीक्षा-2025 की प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। आयोग ने हाईकोर्ट के 18 जून 2026 के आदेश के बाद परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया है। मुख्य परीक्षा 17 अगस्त से 22 अगस्त 2026 तक प्रदेश के 12 शहरों में आयोजित की जाएगी। एमपीपीएससी के अनुसार, राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में करीब 4 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा कुल 158 पदों के लिए आयोजित की जा रही है। आयोग ने हाईकोर्ट से रोक हटने के बाद तत्काल नया टाइम टेबल जारी किया है। हाईकोर्ट ने परीक्षा परिणाम बंद लिफाफे में कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। आयोग के अनुसार, मुख्य परीक्षा में कुल 6 प्रश्नपत्र होंगे। पहले चार पेपर सामान्य अध्ययन (जनरल स्टडीज) के होंगे, जबकि पांचवां और छठा पेपर हिंदी और निबंध लेखन से संबंधित रहेगा। पहले चार प्रश्नपत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। वहीं अंतिम दो पेपर दोपहर में होंगे, जिनका समय क्रमश: 12 बजे और 12.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

### केवाइसी-अपडेट करने के नाम पर कारोबारी से 2.10लाख की ठगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के विजयनगर इलाके में रहने वाले कंस्ट्रक्शन व्यवसायी प्रशांत तोमर ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने क्रेडिट कार्ड की केवाइसी अपडेट करने के नाम पर उन्हें वीडियो कॉल किया और एक लिंक भेजी। लिंक पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और खाते से करीब 2 लाख 10 हजार रुपए निकाल लिए गए। मामले में साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद विजयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 9 जून की शाम प्रशांत तोमर ने एसबीआई क्रेडिट कार्ड का एप डाउनलोड किया था। कुछ समय बाद उनके व्हाट्सएप पर एक वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक अधिकारी बताया और कहा कि क्रेडिट कार्ड का फ्रेश वेरिफिकेशन और केवाइसी अपडेट करना जरूरी है। इसके लिए उसने प्रशांत को एक लिंक भेजी और उस पर क्लिक करने को कहा। प्रशांत ने जैसे ही लिंक खोली, उनका मोबाइल हैक हो गया।

### एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट द्वारा 12वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रात: 7:30 बजे धार कोठी क्षेत्र स्थित MAHSI कन्या छात्रावास परिसर में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राएं एवं संकाय सदस्य सहभागिता करेंगे। वर्ष 2026 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की आधिकारिक थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' है। आयुष मंत्रालय एवं संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस थीम के अनुरूप कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के संस्थापक निदेशक एवं जिला योग समिति के अध्यक्ष डॉ. डी.के. तनेजा के मार्गदर्शन में किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला योग समिति एवं जीवेम् शरद: शतम् समूह संस्था के सहयोग से विद्यार्थियों को योग के महत्व एवं उसके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक लाभों की जानकारी दी जाएगी।

### ध्यान द्वारा योग की पूर्णता सिखाता है सहज योग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य आध्यात्मिक धरोहर है। आज विश्वभर में योग को स्वास्थ्य, संतुलन और सुखमय जीवन के लिए अपनाया जा रहा है। किंतु योग का वास्तविक अर्थ केवल शारीरिक व्यायाम, आसन या प्राणायाम तक सीमित नहीं है। संस्कृत में 'योग' का अर्थ है - जुड़ना। अर्थात अपने वास्तविक स्वरूप, आत्मा से जुड़ना तथा परमात्मा की सर्वव्यापी दिव्य शक्ति के साथ एकत्व स्थापित करना। शरीर, मन और बुद्धि को संतुलित करने के पश्चात योग की पूर्णता आत्मसाक्षात्कार में प्राप्त होती है। यही योग का अंतिम एवं सर्वोच्च लक्ष्य है। सहज योग ध्यान इसी आत्मसाक्षात्कार का एक सरल, सहज और अनुभवात्मक मार्ग है। इसकी स्थापना परम पूज्य माताजी निर्मला देवी ने 5 मई 1970 को की थी। सहज योग में प्रत्येक व्यक्ति के भीतर स्थित कुंडलिनी शक्ति के जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्रदान किया जाता है। कुंडलिनी के जागृत होने पर साधक के केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में संतुलन स्थापित होता है और वह विचारशून्य जागरूकता की अवस्था का अनुभव करता है।



## सम्पादकीय

### शांति समझौते पर अविश्वास की छाया: अमेरिका-ईरान करार के सामने नई चुनौती

इस समझौते के तहत साठ दिनों के भीतर ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर स्थायी सहमति बनाने और होर्मुज जलमार्ग में तेल परिवहन व्यवस्था को सामान्य करने का लक्ष्य रखा गया है। अमेरिका और ईरान के बीच हुए करार के बाद उम्मीद की जा रही थी कि पश्चिम एशिया में फिर से शांति और स्थिरता कायम हो जाएगी, मगर इजराइल का आक्रामक रुख इस पर पानी फेरता नजर आ रहा है। इजराइली सेना ने गुरुवार रात दक्षिणी लेबनान में कई स्थानों को लक्ष्य बनाकर हमले किए, जिसके बाद अमेरिका-ईरान के बीच प्रस्तावित वार्ता को भी फिलहाल टाल दिया गया। इससे प्रारंभिक शांति समझौते के क्रियान्वयन पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इस समझौते के तहत साठ दिनों के भीतर ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर स्थायी सहमति बनाने और होर्मुज जलमार्ग में तेल परिवहन व्यवस्था को सामान्य करने का लक्ष्य रखा गया है। मगर इजराइल के तल्ख तेवर वार्ता की राह में बाधक बन रहे हैं। सवाल है कि क्या अमेरिका ने ईरान के साथ करार से पहले इजराइल के नेतृत्व को विश्वास में नहीं लिया था? क्या यह समझौता इजराइल के लिए कोई मायने नहीं रखता? आखिर क्या वजह है कि ईरान को लेकर अमेरिका के नरम रुख के बावजूद इजराइल लेबनान के मोर्चे से पीछे हटने को तैयार नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में फ्रांस में ईरान के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जबकि ईरान के नेतृत्व ने अलग से दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों देशों के बीच हुए इस करार के मुताबिक, ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार को अंतरराष्ट्रीय निगरानी में कम करना होगा और परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहरानी होगी। हालांकि इससे जुड़े कई अन्य मुद्दों पर आगे बातचीत होनी बाकी है, जिसके लिए शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में वार्ता की शुरुआत की जानी थी और इसमें अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को शामिल होना था। मगर गुरुवार देर शाम वेंस ने अचानक यह यात्रा रद्द कर दी। हालांकि आधिकारिक रूप से इसकी कोई ठोस वजह नहीं बताई गई, लेकिन खबरों के मुताबिक, इजराइल की ओर से लेबनान पर हमले तेज करने के कारण फिलहाल वार्ता टाल दी गई है। सवाल है कि जब द्विपक्षीय समझौते में पश्चिम एशिया में सभी मोर्चों पर तत्काल सैन्य कार्रवाई रोकने की बात कही गई है, तो इजराइल लेबनान में हमले क्यों जारी रखे हुए है? इजराइल का स्पष्ट तौर पर कहना है कि उसके सैन्य बल तब तक लेबनान से नहीं हटेंगे, जब तक हिज्बुल्ला से उत्पन्न खतरे को समाप्त नहीं कर दिया जाता।

# बिखरता विपक्ष, बौना होता कानून और संकट में लोकतंत्र



भारतीय लोकतंत्र का ताना-बाना एक मजबूत सत्तापक्ष और एक सजग विपक्ष के बीच संतुलन पर टिका हुआ है। सत्ता की निरंकुशता पर लगाम कसने और जनसरोकारों को संसद की दहलीज तक पहुँचाने की जिम्मेदारी विपक्ष की होती है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देश के राजनीतिक परिदृश्य ने एक ऐसा मोड़ ले लिया है, जिसने इस संतुलन को हिलाकर रख दिया है। एक के बाद एक राज्यों में विपक्षी दलों का टूटना, विधायकों का थोक के भाव पाला बदलना और स्थापित क्षेत्रीय दलों का ताश के पत्तों की तरह बिखर जाना अब एक आम परिपाटी बन चुका है। ऐसे में यह सवाल मौजूं हो जाता है कि आखिर यह सिलसिला कब तक चलेगा? और क्या हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएँ और कानून इस राजनीतिक अवसरवाद को रोकने में पूरी तरह अक्षम साबित हो चुके हैं? एक दौर था जब राजनीति वैचारिक प्रतिबद्धताओं से संचालित होती थी। मतभेद नीतियों पर होते थे, लेकिन दल के प्रति निष्ठा बनी रहती थी। आज की राजनीति पूरी तरह से 'सत्ता-केंद्रित' और 'अस्तित्व रक्षा' के इर्द-गिर्द सिमट गई है। विपक्ष में बैठकर लंबा संघर्ष करने, जनता के बीच जाने और लाठियां खाने का माद्दा अब कम ही नेताओं में बचा है। चुनाव हारते ही या सत्ता से बाहर होते ही नेताओं में छटपटाहट शुरू हो जाती है। विचारधारा की जगह अब शुद्ध राजनीतिक अवसरवाद ने ले ली है। इस अवसरवाद को हवा देने का काम संविधान की दसवीं अनुसूची यानी दलबदल विरोधी कानून की कमियाँ कर रही हैं। 1985 में जब यह कानून लाया गया था, तब इसका मकसद 'आया राम, गया राम' की संस्कृति पर लगाम लगाना था। लेकिन समय के साथ नेताओं ने इसकी काट ढूंढ निकाली। कानून कहता है कि यदि किसी दल के दो-तिहाई (2/3) विधायक या सांसद एक साथ अलग गुट बनाते हैं, तो उनकी सदस्यता रद्द नहीं होगी। नतीजा यह हुआ कि अब 'खुदरा' दलबदल बंद हो गया है और उसकी जगह 'थोक' में पूरी की पूरी पार्टी को तोड़ने का खेल शुरू हो गया है। कानून जो सुरक्षा कवच बगावत को रोकने के लिए दे रहा था, वही अब बगावत को कानूनी जामा पहनाने का सबसे बड़ा औजार बन चुका है। पिछले कुछ सालों में विभिन्न राज्यों में सत्ता परिवर्तन और पार्टियों के विभाजन के जो मॉडल सामने आए हैं, वे चिंताजनक हैं। महाराष्ट्र इसका सबसे बड़ा जीवंत उदाहरण बना, जहाँ जून 2022 में शिवसेना के भीतर ऐसा विभाजन हुआ कि दो-तिहाई से अधिक विधायक अलग हो गए और तत्कालीन महा विकास अघाड़ी सरकार गिर गई। इसके बाद देश ने देखा कि कैसे देश के सबसे पुराने क्षेत्रीय दलों में से एक की कमान और चुनाव चिह्न तक बदल गया। इसके ठीक एक साल बाद, जुलाई 2023 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (ह्ष्टक्क) में भी यही कहानी दोहराई गई। महाराष्ट्र की राजनीति में हाल ही में एक नया सियासी तूफान खड़ा हो गया। अभी कल ही उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (BT) के 6 लोकसभा सांसदों के एक अलग गुट बनाने और लोकसभा अध्यक्ष से मान्यता मांगने की अटकलों से राज्य में खलबली मच गई है। 5 मई 2026 को पश्चिम बंगाल चुनाव के नतीजे आने से पहले किसी ने सपने में भी किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि महीने-डेढ़ महीने में तृणमूल कांग्रेस का बुरी तरह से विभाजन हो जायेगा। पश्चिम बंगाल की तेज तर्रार नेत्री और तब की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की छवि उस समय तक एक ऐसी नेत्री की थी जिसे मोदी के विकल्प के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन बंगाल की हार ने सब कुछ बदल दिया। अब वह नेता ही उनको आईना दिखा रहे हैं जो कल तक उनके नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कर रहे थे।

इसी तरह से आम आदमी पार्टी के सात सांसद भी बिना किसी शोरगुल और सुगबुगाहट के बागी हो गये ओर भाजपा में चले गये। कुछ वर्ष पूर्व महाराष्ट्र ने शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस में भी टूट देखी थी, जब उनके ही भतीजे अजीत पवार ने बगावत करके अलग न केवल अपनी पार्टी बना ली बल्कि महाराष्ट्र में बीजेपी गठबंधन सरकार का हिस्सा भी बन गये। यह और बात है कि अजीत पवार अब इस दुनिया में नहीं है और उनकी पत्नी पार्टी की कमान संभाले हुए हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद वहां की राजनीति में भी बड़ा देखने को मिल रहा है। डीएमके और कांग्रेस का गठबंधन टूट गया है। बीजेपी की कट्टर विरोधी डीएमके अब मोदी के करीब नजर आ रहे हैं। इसी तरह से आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड भी मोदी सरकार का हिस्सा बनी हुई हैं। खास बात यह है कि जो भी पार्टियां टूटी हैं उसका अलग हुआ धड़ा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा बन कर या अलग रहते हुए भी मोदी के करीब आ गया। अब ताजा चर्चा उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी में टूट को लेकर हो रही है। सपा टूटेगी इसकी उम्मीद न के बराबर है, लेकिन अन्य राजनैतिक दलों में जिस तरह से टूट देखने को मिली है उससे सपा में टूट की कुछ खबरों पर लोग विश्वास भी कर रहे हैं। इसकी सुगबुगाहट तब शुरू हुई जब सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने दावा किया कि सपा में टूट होने वाली है। राजनीति के कुछ जानकारों का कहना है कि राजनीति में 'धुंआ तभी उठता है जब चिंगारी लगी हो'। वहीं दूसरी ओर, मध्य प्रदेश (2020) और कर्नाटक (2019) में एक अलग रणनीति देखने को मिली थी। यहाँ दलबदल कानून की पेचीदगियों से बचने के लिए विपक्षी विधायकों से सीधे 'इस्तीफे' दिलवाए गए। इस्तीफे देकर सदन की संख्या को कम किया गया, सरकारें गिराई गईं और बाद में उन्हीं विधायकों ने उपचुनाव लड़कर सत्ताधारी दल के टिकट पर वापसी की। बिहार में तो दलबदल और पाला बदलने की अनिश्चितता ने गठबंधन की विश्वसनीयता को ही दांव पर लगा दिया है। इन तमाम उदाहरणों से स्पष्ट है कि अब सरकारें गिराने और पार्टियां तोड़ने के लिए बाकायदा एक कानूनी और रणनीतिक 'ब्लूप्रिंट' तैयार कर लिया गया है। विपक्ष का लगातार यह आरोप रहा है कि सत्ताधारी दल द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ED), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल एक राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है। कड़े कानूनों (जैसे PMLA) के तहत जेल जाने और व्यापारिक साम्राज्य नष्ट होने के डर से कई नेता अपने राजनीतिक सिद्धांतों का सौदा करने को मजबूर हो जाते हैं। इसे राजनीति के गलियारों में 'वाशिंग मशीन मॉडल' कहा जाने लगा है, जहाँ सत्तापक्ष में शामिल होते ही नेताओं के पुराने मुकदमे ठंडे बस्ते में चले जाते हैं।हालांकि, सारा दोष सत्तापक्ष या एजेंसियों पर मढ़कर विपक्षी दल अपनी कमजोरियों से आंखें नहीं मूंद सकते। सच यह भी है कि भारत के अधिकांश क्षेत्रीय दल घोर परिवारवाद और केंद्रीकरण के शिकार हैं। इन दलों में आंतरिक लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं बची है। जब तक कोई दल सत्ता में रहता है, तब तक असंतोष दबा रहता है। लेकिन सत्ता से बाहर होते ही और शीर्ष नेतृत्व के कमजोर पड़ते ही, जमीनी और महत्वाकांक्षी नेताओं का दम घुटने लगता है। जब पार्टी के भीतर संवाद के सारे रास्ते बंद हो जाते हैं, तो बगावत की जमीन स्वत: तैयार हो जाती है। इस पूरे खेल में सबसे बड़ा नुकसान देश के आम मतदाता और लोकतांत्रिक मूल्यों का हो रहा है। जनता चिलचिलाती धूप में कतारों में खड़ी होकर किसी एक दल या विचारधारा के पक्ष में मतदान करती है। लेकिन कुछ ही महीनों बाद उसके द्वारा चुना गया प्रतिनिधि विपक्षी बेंच से उठकर सत्तापक्ष की गोद में बैठ जाता है। यह जनादेश के साथ सबसे क्रूर भद्दा मजाक है। इससे मतदाताओं में राजनीतिक विरक्ति पैदा होती है और उनका लोकतांत्रिक प्रणाली से भरोसा उठने लगता है।इसके अलावा, भारत एक बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी देश है, जहाँ क्षेत्रीय दल स्थानीय अस्मिता और क्षेत्रीय मुद्दों की आवाज होते हैं। जब राष्ट्रीय दलों की आक्रामक विस्तारवादी नीतियों के कारण क्षेत्रीय दल टूटते हैं या कमजोर होते हैं, तो इससे देश के संघीय ढांचे पर विपरीत असर पड़ता है। एक दलीय प्रभुत्व की ओर बढ़ता देश विविधता के सिद्धांत के खिलाफ है। गौरतलब है कि विपक्षी दलों के टूटने का यह अंतहीन सिलसिला तब तक नहीं थमेगा, जब तक कि व्यवस्था में कुछ कड़े और क्रांतिकारी सुधार नहीं किए जाते:

दलबदल विरोधी कानून की नए सिरे से समीक्षा होनी चाहिए। सामूहिक दलबदल (2/3 नियम) की छूट को पूरी तरह खत्म किया जाना चाहिए। यदि कोई नेता अपनी मूल पार्टी छोड़ता है या इस्तीफा देता है, तो उस पर अगले पांच वर्षों तक किसी भी तरह का चुनाव लड़ने, मंत्री बनने या सरकारी लाभ का पद लेने पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए। दलबदल के मामलों में विधानसभा या लोकसभा के अध्यक्ष की भूमिका अक्सर संदेहास्पद और पक्षपातपूर्ण रही है। सुप्रीम कोर्ट को चाहिए कि वह ऐसे मामलों के फैसले की समय-सीमा तय करे या फिर यह शक्ति किसी स्वतंत्र न्यायाधिकरण या चुनाव आयोग को सौंप दी जाए। विपक्षी दलों को केवल 'सत्ता विरोध' के नकारात्मक एजेंडे से बाहर निकलना होगा। उन्हें जनता के सामने एक मजबूत, सकारात्मक और वैचारिक विजन रखना होगा। साथ ही, पार्टियों को परिवारवाद के चंगुल से मुक्त होकर अपने कैडर और वफादार जमीनी कार्यकर्ताओं को संगठन में आगे बढ़ाना होगा।सबसे अचूक इलाज देश के मतदाताओं के पास है। जिस दिन जनता दलबदल करने वाले नेताओं को उपचुनावों में हराकर घर बैठाना शुरू कर देगी, उसी दिन से राजनीतिक दलों और नेताओं में अनैतिक पाला बदलने का डर पैदा होगा। एक जीवंत लोकतंत्र के लिए सत्तापक्ष जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी एक सशक्त और एकजुट विपक्ष भी है। यदि विपक्ष इसी तरह बिखरता रहा और टूटता रहा, तो संसद और विधानसभाएं बहस के बजाय केवल औपचारिकता का केंद्र बनकर रह जाएंगी। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा और शुचिता अक्षुण्ण रहनी चाहिए। समय आ गया है कि कानून, न्यायपालिका और देश की जनता मिलकर इस राजनीतिक तमाशे पर पूर्णविराम लगाएं, अन्यथा आने वाली पीढ़ियां एक कमजोर और बौने लोकतंत्र का हिस्सा बनने को मजबूर होंगी।

**अशोक भाटिया,** वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

# मानसून की सुस्ती से खरीफ बोवनी रुकी, खेत तैयार पर बारिश नहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ●मानसून की सुस्त रफ्तार किसानों के लिए चिंता का विषय बन गई है। जून का आधा महीना बीत जाने के बावजूद जिले के अधिकांश इलाकों में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। बारिश की कमी के कारण किसान खरीफ फसलों की बोवनी शुरू नहीं कर पा रहे हैं, जबकि उनके खेत पूरी तरह तैयार हैं। आमतौर पर इस समय तक किसान खरीफ फसलों की बोवनी का काम लगभग पूरा कर लेते हैं। हालांकि, इस साल मानसून की बेरुखी के कारण स्थिति अलग है। किसानों ने खेतों की जुताई, बखरनी और अन्य सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं, लेकिन बारिश के अभाव में वे बोवनी शुरू नहीं कर पा रहे हैं। किसान विष्णु मुकाती ने बताया कि सामान्यत: जून के मध्य तक बोवनी का कार्य शुरू हो जाता है। इस बार बारिश न होने से बोवनी में लगातार देरी हो रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई, तो इसका सीधा असर फसल की पैदावार पर पड़ेगा और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। वहीं, किसान श्याम पाटीदार ने बताया कि उन्होंने अपने खेत पूरी तरह तैयार कर लिए हैं और बीज व अन्य कृषि सामग्री की भी व्यवस्था कर ली है। लेकिन बारिश न होने के कारण बोवनी शुरू नहीं हो पा रही है। उनके अनुसार, समय बीतता जा रहा है और किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। सुंदरलाल पाटीदार ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस समय किसानों की निगाहें केवल आसमान पर टिकी हैं। खेत तैयार हैं और बारिश होते ही बोवनी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि चिंता केवल बोवनी की नहीं है, बल्कि यदि बोवनी के बाद भी पर्याप्त बारिश नहीं हुई, तो फसल सूखने का खतरा रहेगा, जिससे किसानों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों का मानना है कि खरीफ सीजन की सफलता समय पर और पर्याप्त वर्षा पर निर्भर करती है। यदि मानसून ने जल्द रफ्तार नहीं पकड़ी, तो जिले में सोयाबीन, मक्का, कपास और अन्य खरीफ फसलों के उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है।

### थाने को मिला नया पेट्रोलिंग वाहन एसडीओपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**कुक्षी** ●पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर से आवंटित थाना मोबाइल वाहनों के तहत धार जिले के कुक्षी थाने को एक नया पेट्रोलिंग वाहन मिला है। एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर इस वाहन को कुक्षी थाने भेजा गया है। क्षेत्र की विस्तृत भौगोलिक स्थिति को देखते हुए लंबे समय से इस वाहन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नया थाना मोबाइल वाहन कुक्षी थाने पहुंचने पर एसडीओपी सुनील गुप्ता और थाना प्रभारी की मौजूदगी में पंडित द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद एसडीओपी ने नारियल फोड़कर और हरी झंडी दिखाकर वाहन को गश्त के लिए रवाना किया। एसडीओपी सुनील गुप्ता ने बताया कि नया मोबाइल वाहन मिलने से कुक्षी थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई क्षमता और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक वाहन क्षेत्र के दूरदराज इलाकों में कानून व्यवस्था बनाए रखने और रात की गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होगा।

# सरकारी चरनोई भूमि की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाला गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**कुक्षी** ● निसरपुर पुलिस ने सरकारी चरनोई भूमि की फर्जी रजिस्ट्री कराने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी विनोद पाटीदार (43 वर्ष) को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। निम्बोल गांव के रहने वाले विनोद पर सरकारी जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर उस पर मकान बनाने का आरोप है। यह मामला इतना गंभीर था कि यह मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय (हाईकोर्ट) तक पहुंच गया था। हाईकोर्ट के दखल के बाद निसरपुर पुलिस ने इस खेल में शामिल तत्कालीन पंचायत सचिव साधुराम फूलमाली पर भी फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने का मामला दर्ज किया था। सचिव फूलमाली अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और उसकी तलाश की जा रही है। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब 23 फरवरी को निम्बोल के रहने वाले मोतीलाल पाटीदार ने हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में एक याचिका दायर की। याचिका में बताया गया था कि निम्बोल में स्थित सर्वे नंबर 171/1/1/1//1 (रकबा 4.25 हेक्टेयर) जमीन को ग्राम पंचायत निम्बोल ने विनोद (पिता हेमराज) और रंजना (पति विनोद) को वारिस बताते हुए मालिकाना हक का प्रमाण पत्र दे दिया था। इसी फर्जी सर्टिफिकेट के दम पर विनोद ने सरकारी जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम कराई और मकान भी तान दिया। हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद कुक्षी के नायब तहसीलदार ने इस पूरे मामले की बारीकी से जांच की। जांच में साफ हो गया कि यह जमीन पूरी तरह से सरकारी चरनोई की है। इसके बाद फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोप में विनोद पाटीदार, उसकी पत्नी रंजना पाटीदार, तत्कालीन सचिव साधुराम फूलमाली और सरपंच केशरबाई के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी विनोद पाटीदार को उसके गांव निम्बोल से हिरासत में लेकर जब पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। विनोद ने बताया कि सड़क किनारे मौजूद इस सरकारी चरनोई भूमि पर वे पहले गोबर डाला करते थे।

# टैंकर से टकराई पानी की बोतलों से भरी आयशर, टायर के नीचे फंसने से क्लीनर की मौत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● इंदौर-एदलाबाद नेशनल हाईवे पर शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में पानी की बोतलों से भरी आयशर वाहन सड़क किनारे खड़े टैंकर से टकरा गई। हादसा इतना गंभीर था कि आयशर के क्लीनर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया। दुर्घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा। यह हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बोरगांव बुजुर्ग के पास भमराड़ी पुलिया पर हुआ। उस समय नेशनल हाईवे के डिवाइडर पर लगे पौधों को पानी देने के लिए एक टैंकर खड़ा हुआ था। इसी दौरान इंदौर से बुरहानपुर की ओर जा रही बिसलेरी कंपनी की पानी की बोतलों से भरी आयशर वाहन अनियंत्रित हो गई और पीछे से सीधे टैंकर में जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आयशर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद वाहन में लदी पानी की बोतलें सड़क पर बिखर गईं। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद कुछ देर तक घटनास्थल पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।

### क्लीनर की मौके पर दर्दनाक मौत

हादसे में आयशर का क्लीनर वाहन के गेट से बाहर उछलकर सड़क पर गिर गया। वह वाहन के पहिए के नीचे फंस गया, जिससे उसका सिर बुरी तरह कुचल गया। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में आयशर का चालक भी घायल हो गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।




### पहचान में जुटी पुलिस

पुलिस के अनुसार मृतक का सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने और चालक के घायल होने के कारण दोनों की तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस वाहन के दस्तावेजों और अन्य उपलब्ध जानकारियों के आधार पर उनकी पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया शव

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए खंडवा जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में भिजवाया। पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ओंकारेश्वर से खंडवा आएंगे 5000 से अधिक कावड़िए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● 8 अगस्त को ओंकारेश्वर से खंडवा की ओर निकलने वाली कावड़ यात्रा को लेकर महादेवगढ़ मंदिर में बैठक आयोजित हुई। इसमें उपस्थित युवाओं ने 5000 से अधिक कावड़ियों को शामिल करने का संकल्प लिया। आयोजन को भव्य बनाने के लिए चाहत तोमर को यात्रा संयोजक व संकेत जोशी को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। महादेवगढ़ संरक्षक का अशोक पालीवाल ने बताया महादेवगढ़ पर इस बार पूरे एक माह अखंड ओम नम: शिवाय का पाठ होगा। साथ ही 10 अगस्त को ओंकारेश्वर से आने वाली जय हिंदू राष्ट्र कावड़ यात्रा के माध्यम से मां नर्मदा का पावन जल चढ़ाया जाएगा। इस अनुष्ठान में मातृशक्ति की कावड़ यात्रा भी आएंगी। सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ भी श्री दादाजी भजन मंडल कैलाश जिन द्वारा समाज के माध्यम से किया जाएगा। उधर बैठक में ग्रामीण गठ नायकों की टोली बनाई है।

# 750 करोड़ की बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना में टेस्टिंग सफल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले की 750 करोड़ रुपए लागत की बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना के तीसरे चरण में शुक्रवार को पीएस-4 से बीआर-3 की टेस्टिंग की गई। इस टेस्टिंग के बाद परियोजना का पानी नरगांव तक पहुंच गया है, जिससे किसानों को लाभ मिला है। परियोजना के तहत अब मालखेड़ा, रामपुर, नूरियाखेड़ी और सिराली क्षेत्रों में भी पानी पहुंचाया जाएगा। किसानों ने इस उपलब्धि पर 'जय बलराम' का जयघोष किया। भारतीय किसान संघ के लगातार आंदोलन के कारण नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण और निर्माण कंपनी पर काम में तेजी लाने का दबाव था। भीकनगांव के एसडीएम लोकेश छापरे के कार्यपालन यंत्री एमके सिंह और प्रोजेक्ट कंपनी के समन्वय से परियोजना के काम में गति आई है। किसान संघ के युवा प्रतिनिधि श्यामसिंह पवार ने कहा कि बारिश से पहले नर्मदा जल की टेस्टिंग किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने



शेष अधूरे कार्यों को भी बारिश से पहले पूरा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। एक सप्ताह पूर्व पंप-4 बीआर-2 की टेस्टिंग भी की गई थी। इसके माध्यम से मचलगांव, एकतासा, बायरल, बड़ी पोखर, लछोरा और पालड़ी क्षेत्रों में पानी पहुंचने का दावा किया गया है। परियोजना के अंतिम चरण में पीएस-5 से कायदू नदी लाइन तक का काम जारी है। इससे झिरनिया क्षेत्र के बागदरी, बदनिया, शिवना और आभापुरी क्षेत्र के किसानों को सिंचाई का लाभ मिलेगा।



## टीम में जगह बनाये रखने के लिए प्रदर्शन के साथ ही फिटनेस भी जरूरी : मनप्रीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने कहा है टीम में जगह बनाये रखने के लिए प्रदर्शन के साथ ही फिटनेस पर भी ध्यान देना सबसे जरुरी है। मनप्रीत ने कहा कि फिटनेस बनी रहने के कारण ही वह भारत की ओर से सबसे अधिक मैच खेलने की उपलब्धि हासिल करने में सफल रहे हैं। मनप्रीत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने फिटनेस को दिया है। साथ ही कहा है कि अपनी फिटनेस पर ध्यान देने के कारण ही वह इतने लंबे समय तक वह देश के लिए खेल पाए हैं। इस खिलाड़ी ने कहा कि टीम में बने रहने के लिए उम्र और अनुभव पर ध्यान न देते हुए लगातार बेहतर प्रदर्शन करना होता है। साथ ही कहा कि जैसे-जैसे मैचों की संख्या बढ़ती है फिटनेस भी बनाये रखनी होती है। अगर फिटनेस कमजोर पड़ती है तो टीम में जगह भी हाथ से निकल जाती है। मनप्रीत ने कहा, कोचिंग स्टाफ का भी हमेशा से यह कहना रहा है कि प्रदर्शन और चयन फिटनेस से जुड़े रहते हैं। इसलिए, अगर आपको टीम में बने रहना है, तो आपको हर समय फिटनेस बनाये रखनी होगी। यहां तक कि ब्रेक के दौरान भी लापरवाही नहीं की जा सकती है।

उन्होंने कहा, जब भी मैं ब्रेक पर होता हूं या शिविर में होता हूं, तो मैं फिट रहने के लिए अपना रूटीन जारी रखता हूं। अगर मुझे भारतीय टीम के लिए खेलना है, तो मुझे अपने को पूरी तरह से फिट रखना होगा और अपनी फिटनेस के लिए मैंने बहुत मेहनत की है। मैंने अपने डाइट का भी विशेष रुप से ध्यान रखा है।मनप्रीत ने कहा कि कुछ सालों में मैचों की संख्या काफी बढ़ गई है।

# आज अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की नजर क्लीन स्वीप पर



**चेन्नई (एजेंसी)** ● पहले दो मैच में धमाकेदार जीत से उत्साहित भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होने वाले अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी, जिसमें केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। राहुल की वनडे टीम में जगह को लेकर कभी कोई संदेह नहीं रहा है, लेकिन जायसवाल शीर्ष क्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अपनी जगह पक्की करने के लिए बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। जायसवाल ने 2025 के बाद वनडे टीम में वापसी की है, लेकिन वह लखनऊ में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे मैच में केवल चार रन ही बना पाए। किशन ने लखनऊ में शतक लगाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। कप्तान शुभमन गिल ने जायसवाल को जगह देने के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की और शतक जड़ा। किशन और श्रेयस अय्यर क्रमश: चौथे और पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में जायसवाल को सीमित अवसरों का पूरा फायदा उठाना होगा।

जायसवाल के लिए इस मैच में बड़ा स्कोर बनाना बेहद जरूरी है, क्योंकि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की वनडे टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। इंडिया बनाम अफगानिस्तान का तीसरा वनडे मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए दोनों ही टीम पूरी तरह से तैयार हैं। मैच से पहले पिच की बात करें, तो एमए चिदंबरम स्टेडियम हमेशा से स्पिनर्स की मददगार रही है। हालांकि शुरुआत में कुछ ओवर तक तेज गेंदबाज भी विकेट निकाल लेते हैं, लेकिन वक्त के साथ ही यहां पर स्पिनर्स का दबदबा बन जाता है। वहीं, अगर मौसम की बात करें, तो शनिवार को चेन्नई का मौसम खराब रहने वाला है, जो मैच पर असर डाल सकता है।

### अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेंगे हर्षित

तेज गेंदबाज हर्षित राणा को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को बताया कि राणा ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिटेशन पूरा कर लिया है। वह चेन्नई में भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 20 जून को सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे मैच खेला जाएगा। हर्षित यह मैच खेल सकते हैं। उन्हें फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद टीम में शामिल किया।

# फिल्म 'कॉकटेल 2' रश्मिका की 'दिया' ने जीता दिल



**मुंबई (एजेंसी)** ● रश्मिका मंदाना एक बार फिर लोगों का दिल जीत रही हैं, और इस बार 'कॉकटेल 2' में उनके 'दिया' के किरदार ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया है। फिल्म की रिलीज के बाद से ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तारीफों वाले पोस्ट से भरे पड़े हैं, जहां दर्शक एक्ट्रेस के गजब के चार्म, स्क्रीन पर उनकी प्यारी मौजूदगी और दिल छू लेने वाली परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कई नेटिजन्स ने शेयर किया कि कैसे रश्मिका के किरदार ने तुरंत उनके फिल्म देखने के एक्सपीरियंस को मजेदार बना दिया। एक यूजर ने लिखा, 'अभी 'कॉकटेल 2' देखी और ईमानदारी से कहूं तो रश्मिका में वो रेयर क्वालिटी है... देखते ही ऑटोमैटिकली स्माइल आ जाती है, जो स्क्रीन पर उनके द्वारा लाई जाने वाली सहज खुशी को दिखाता है। एक और फैन तो उनकी परफॉर्मेंस की तारीफ करते नहीं थक रहा था, उसने ट्वीट किया, 'रशू 'दिया' के रूप में स्क्रीन पर सचमुच सबसे हैप्पी वाइब हैं! अभी कॉकटेल 2 देखी और अब मैं फिर से उनका दीवाना हो गया हूँ!

# सिर्फ बचत नहीं, सही निवेश भी जरूरी: हेली



**मुंबई (एजेंसी)** ● दुनिया भर में चल रहे तनाव और आर्थिक उतार-चढ़ाव के बीच एक्ट्रेस हेली शाह ने लोगों को सलाह दी है कि अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखने के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग बेहद जरूरी है। हेली ने बताया कि हमारे देश में बचपन से ही गुल्लक और बचत का एक भावनात्मक रिश्ता रहा है, जो हमें मितव्ययी होने की सीख देता है। लेकिन आज के समय में, उन्होंने जोर देकर कहा, सिर्फ पैसे बचाना ही काफी नहीं है, बल्कि उसके लिए सही जानकारी होना और सही जगह निवेश करना भी उतना ही अहम है। अभिनेत्री ने प्रधानमंत्री की अपील का जिक्र करते हुए यह सलाह भी दी कि पारंपरिक तरीके से ज्यादा सोना खरीदने के बजाय, म्यूचुअल फंड्स जैसे विकल्पों में पैसा लगाना ज्यादा फायदेमंद हो सकता है। यह दिखाता है कि वे सिर्फ बचत की बात नहीं कर रही हैं, बल्कि आधुनिक और प्रभावी निवेश रणनीतियों पर भी जोर दे रही हैं। हेली ने अपनी पर्सनल लाइफ का उदाहरण देते हुए बताया कि पैसों की बचत करने का यह हुनर उन्होंने किसी क्लास से नहीं, बल्कि अपने पिता को देखकर सीखा है। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने कभी उन्हें किताबी ज्ञान नहीं दिया, लेकिन घर के माहौल और पिता के फाइनेंशियल फैसलों को देखकर ही उन्होंने अपनी समझ विकसित की। आज वे खुद यह तय करती हैं कि उनकी कमाई का कितना हिस्सा फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में जाएगा और कितना म्यूचुअल फंड में निवेश होगा।

## उज्जैन संभाग

# सड़क हादसे में पीडब्ल्यूडी अफसर की मौत, सीने में गंभीर चोट आई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** ● देवास जिले में शुक्रवार को बैतूल पीडब्ल्यूडी के एसडीओ दरयाव सिंह परमार की सड़क हादसे में मौत हो गई। वे अपने परिवार को लेने धार जा रहे थे। इसी दौरान बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दीवार और लोहे के ढांचे से टकरा गई। हादसे में सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे हरदा-इंदौर हाईवे पर कन्नौद से लगभग 4 किलोमीटर पहले हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि दरयाव सिंह परमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस की मदद से घायल दरयाव सिंह परमार को तत्काल कन्नौद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टर्स ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसडीओ वे शुक्रवार सुबह करीब 7 से 8 बजे के बीच घर से धार के लिए रवाना हुए थे। हादसे के कारणों और मौत से जुड़े अन्य तथ्यों की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद हो सकेगी। फिलहाल यह साफ नहीं हो सका है कि हादसे के समय वाहन में कोई चालक मौजूद था या दरयाव सिंह परमार स्वयं




बोलेरो चला रहे थे। दरयाव सिंह परमार वर्ष 2021 में देवास से स्थानांतरित होकर बैतूल आए थे। वर्तमान में वे लोक निर्माण विभाग में एसडीओ के पद पर पदस्थ थे। उनकी मौत की खबर से विभाग में शोक का माहौल है। सहकर्मियों और विभागीय कर्मचारियों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमॉर्टम कन्नौद में कराया जाएगा। पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस हादसे के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों की स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

# श्रद्धालु को ई-रिक्शा की छत पर बैठाया, रिक्शा ओवरलोड करके शहर में घुमाया, पुलिस ने की कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बीच ई-रिक्शा चालक द्वारा लापरवाही का मामला सामने आया है। एक ई-रिक्शा चालक ने यात्री को वाहन की छत पर बैठाकर सफर कराया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उज्जैन यातायात पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर चालान की कार्रवाई की है। वीडियो में ई-रिक्शा क्रमांक 4778 में एक यात्री वाहन की छत पर बैठा दिखाई दे रहा है। वीडियो संज्ञान में आते ही यातायात पुलिस ने ई-रिक्शा को जब्त कर लिया और चालक के खिलाफ मोटर वाहन



अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस के अनुसार चालक द्वारा निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाने और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई है। वाहन का चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। यातायात डीएसपी दिलीप परिहार ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। वायरल वीडियो के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया भी की जा रही है। पुलिस ने श्रद्धालुओं और वाहन चालकों से अपील की है कि सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी तरह से जान जोखिम में डालकर यात्रा न करें।

# सिंहस्थ की तैयारी तेज, 4 नए सबस्टेशन बन रहे, 750 मेगावॉट बिजली उपलब्ध कराएंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर मध्य प्रदेश बिजली विभाग ने अपनी योजनाओं को गति दे दी है। करोड़ों श्रद्धालुओं की संभावित आमद को देखते हुए शहर और मेला क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति करने के लिए बड़े पैमाने पर विद्युत अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। विभाग का लक्ष्य सिंहस्थ के दौरान किसी भी प्रकार की विद्युत बाधा से बचते हुए बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। मुख्य अभियंता सुरेश वर्मा के अनुसार उज्जैन में चार नए विद्युत सबस्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इनमें नाकतली स्थित सबस्टेशन का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, जबकि वाल्मीकि धाम स्थित सबस्टेशन इसी महीने शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा चारधाम मंदिर क्षेत्र और नानाखेड़ा में भी नए सबस्टेशन निर्माणाधीन हैं।

**दो ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे** - उन्होंने बताया कि प्रत्येक सबस्टेशन में 10-10 एमवीए क्षमता के दो ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे, जिससे शहर की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही विभाग करीब 30 किलोमीटर नई 33 केवी लाइन और 90 किलोमीटर नई 11 केवी लाइन बिछा रहा है। इनमें 24 किलोमीटर लाइन फोर्टिफाइड कंडक्टर तकनीक से तैयार की जा रही है, जिससे बिजली आपूर्ति अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनेगी। विभाग शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने, पुराने ट्रांसफॉर्मरों के नवीनीकरण तथा भूमिगत केबलीकरण आदि कार्य भी कर रहा है। अधिकारियों का दावा है कि सिंहस्थ से पहले सभी प्रमुख परियोजनाएं समय पर पूरी कर ली जाएंगी। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बिजली विभाग एक विशेष सिंहस्थ विद्युत डिवीजन का भी गठन कर रहा है। अगले तीन महीनों में 2000 से 2500 अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था की जाएगी। इसके तहत पांच नए सब डिवीजन और एक नया डिवीजन बनाया जाएगा।

# धार्मिक स्थलों को न छेड़ा जाए, बराबरी का व्यवहार हो - काजी खलीकुर्रहमान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● जामा मस्जिद में शहर काजी खलीकुर्रहमान ने मुस्लिम समाज को संबोधित किया। उन्होंने सिंहस्थ के चौड़ीकरण और विकास कार्यों के संदर्भ में धार्मिक स्थलों को न छेड़ने की अपील की। शहर काजी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि यह मुद्दा आज का नहीं, बल्कि लंबे समय से चला आ रहा है। शहर काजी ने यह भी कहा कि समाज के भीतर नाराजगी है और यदि हमारी बातों को नहीं समझा गया और चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया तो आगे चलकर विरोध और प्रदर्शन करना पड़ सकता है।

मुस्लिम समाज को नाइंसाफी की आशंका काजी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए मुस्लिम समाज को कहीं न कहीं नाइंसाफी की आशंका है। पहले भी ऐसे अवसर आए हैं जब जिम्मेदार लोगों ने कई वादे किए, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया गया। इसके बावजूद मुस्लिम समाज ने अपने वादे निभाए हैं।

हमारी मुख्य मांग है कि सभी के साथ बराबरी का व्यवहार हो। ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसी एक पक्ष को अधिक महत्व मिले और दूसरे पक्ष को कम। पहले भी ऐसी स्थितियों में नुकसान हुआ है और आगे भी ऐसे हालात बनने की आशंका है। शहर काजी ने कहा कि धार्मिक



स्थलों को किसी भी प्रकार से नहीं छेड़ा जाना चाहिए। बीते समय में मस्जिदें, मजारें और मंदिर भी प्रभावित हुए हैं। जबकि उससे पहले कभी इन स्थानों के साथ छेड़छाड़ नहीं की गई थी, इसलिए अब भी ऐसा नहीं होना चाहिए।

यह मुद्दा केवल मुस्लिम समाज का नहीं, बल्कि पूरे शहर की तहजीब और भाईचारे से जुड़ा विषय है। यदि ऐसे हालात बनाए जाते हैं, तो यह शहर की संस्कृति के लिए उचित नहीं होगा।

# ढाबे पर खाने के लिए रुकी महिला से किया रेप, महिला के मित्र से भी किया रेप, दोषी को उम्रकैद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके युवक और उसकी महिला मित्र के साथ मारपीट कर महिला से दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 6 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। पीड़िता अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से महिदपुर क्षेत्र स्थित घड़ी वाले बाबा के दर्शन करने गई थी। दर्शन के बाद दोनों रात माकड़ोन थाना क्षेत्र के एक ढाबे पर खाना खाने पहुंचे। ढाबा आरोपी खाना खाने के बाद जब दोनों ने भुगतान करना चाहा तो आरोपी ने पैसे लेने से इंकार कर दिया और रात में वहीं रुकने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता द्वारा मना करने पर आरोपी ने महिला और उसके साथी के साथ जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की। इसके बाद आरोपी तलवार लेकर आया और महिला के साथी को धमकाकर वहां से भगा दिया। आरोपी ने महिला के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच पूरी कर न्यायालय में चालान पेश किया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी ग्राम झिरनिया, थाना माकड़ोन, जिला उज्जैन को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 तथा एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(2)(वी) के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन सश्रम कारावास और 6 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

## हॉस्पिटल की मैपिंग के आधार पर किया झोन बाई बंटवारा

# नगर निगम मुख्यालय, जोन कार्यालय से नहीं, हास्पिटल में डिलीवरी आधार पर बनेंगे जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● अगर आप से यह कहा जाए की अब जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नगर निगम मुख्यालय और झोनल कार्यालय से नहीं बनाया जा कर जिस स्थान पर जन्म और मृत्यु हुई है उस हॉस्पिटल के झोनल कार्यालय से बनाया जाएंगा। तो आपको आश्चर्य होगा। लेकिन यह हकीकत है। नगर निगम ने इस बाबत नये आदेश जारी कर दिए है।

इसके पीछे नगर निगम के अधिकारियों का तर्क है कि आमजन को परेशानी से बचाने के लिए यह नियम लागू किया गया है। क्योंकि इसके पहले तक लोगों को जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए निगम मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे। जिससे उन्हे परेशानियों उठानी पड़ती थी। दरअसल नगर निगम में मौजूदा समय में 22 झोन है। इनमें कुछ झोन ऐसे है, जहां पर बेहतर हॉस्पिटल है ही नहीं और अगर हैं भी तो उन हॉस्पिटल में कोई सुविधाएं नहीं है।

नगर निगम जन्म मृत्यु विभाग के रजिस्ट्रार वीरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यह परिवर्तन केंद्र सरकार के आदेश के बाद किया गया है। उन्होंने बताया कि 4 जून 2026 के बाद के दोनों प्रमाण पत्र संबंधित हॉस्पिटल के झोनल कार्यालय से बनाए जा रहे है। इसके पहले के निगम मुख्यालय से बनाएं जाएंगे। चाहे वह सुधार कार्य हो या फिर अन्य कोई। रजिस्टार उपाध्याय ने बताया कि यह नियम लागू करने के पहले नगर निगम ने नगरीय सीमा में संचालित हो रहे हॉस्पिटल की मैपिंग की थी तथा उसी के आधार पर बंटवारा किया है। वर्तमान में शहरी सीमा में स्थित श्मशान घाटों की मैपिंग का काम किया जा रहा है। जैसे ही यह पूरा हो जाएगा उसके बाद मृत्यु प्रमाण पत्र भी संबंधित झोन के श्मशान घाट से बनने लगेंगे। नये आदेश के बाद जिस हास्पिटल में जिसका जन्म हुआ है, उसी झोन से उसका जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाएगा, चाहे भले उसके माता पिता रहने वाले दूसरे झोन के हो। इसको लेकर लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि उदाहरण के लिए कोई व्यक्ति अगर रहने वाला झोन क्रमांक-19 का है। लेकिन उसके झोन में कोई बेहतर हास्पिटल नहीं है या फिर अन्य किन्हीं कारणों के वजह से उसकी बच्चे की डिलीवरी झोन क्रमांक-आठ में हुई है तो उसको उसके बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए झोन आठ में आना पड़ेगा। जबकि होना यह चाहिए था कि जिस झोन के बच्चे माता पिता रहने वाले है, उसी झोन के झोनल कार्यालय से उसका जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाए।

बताया जा रहा है कि यह प्रक्रिया इंदौर नगर निगम के लिए नई नहीं है। भोपाल नगर निगम में पहले से ही यह नियम लागू है। इंदौर नगर निगम के उपायुक्त प्रदीप जैन ने बताया कि इस पर साल 2022 से काम चल रहा था। लेकिन लागू करने में देरी हो रही थी। क्योंकि इंदौर मेट्रो सीट बनने की और अग्रसर है। इसीलिए भोपाल की तर्ज पर अब यहां पर लागू किया गया है।

### पहले जहां के निवासी थे उसी झोन से बनता था

उक्त नियम लागू होने के पहले नगर निगम द्वारा जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र उसी झोनल कार्यालय से बनाए जाते थे, जिस झोन के उनके परिजन रहने वाले होते थे। परंतु देखते में आया कि लोगों की परेशानी का हवाला देकर पहले नगर झोनल कार्यालय में दोनो प्रमाण पत्र बनाना बंद कर दिया और निगम मुख्यालय से बनाया जाने लगा। इसके बाद फिर झोन के आधार पर कर दिया और अब दोनों को बंद कर जिस हॉस्पिटल में जन्म हुआ है उस झोनल कार्यालय में बनाने शुरु कर दिए है। निगम प्रशासन ने भले ही नई व्यवस्था के तहत हॉस्पिटल में हुई डिलीवरी और श्मशान घाटों में हुए अंतिम संस्कार के आधार पर उस झोन से दोनों प्रमाण (जन्म और मृत्यु) बनाने के आदेश जारी कर दिए है, लेकिन झोन क्रमांक तीन एकमात्र ऐसा झोनल कार्यालय है जिसके दोनों प्रमाण अभी भी नगर निगम मुख्यालय के जन्म-मृत्यु विभाग से बनाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त यहां से पुराने रिकॉर्ड को सहेजने में करेक्शन करने और उसे दुरुस्त करने का कार्य किया जाएंगा।

# सीएम की घोषणा-रोबोट चौराहे से रेडिनसन तक फ्लाईओवर, आईडीए स्कीम से छुटकारा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● तुलसीनगर में 13 करोड़ से अधिक लागत से बनने वाली रोड का भूमिपूजन सीएम मोहन यादव ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया ने कई मांगे रखी। इसमें सबसे अहम मांग रोबोट से रेडिसन तक हर दिन लग रहे जाम के निराकरण का था। वहीं आईडीए की स्कीम में फंसी जमीन को मुक्त करने की मांग रखी।

सीएम ने मंच से ही रोबोट से रेडिसन तक फ्लाईओवर ब्रिज की मांग को मंजूर किया और इसके लिए 50 करोड़ की राशि मंजूर की। इस ब्रिज के बनने से हर दिन 1.71 लाख वाहन चालकों को



लाभ होगा। अभी हर दिन सुबह और शाम को पीक के समय ट्रैफिक जाम होता है। इसके साथ ही हार्डिया ने कनाडिया से गणेश मंदिर की रोड की भी मंजूरी मांगी जिसे सीएम ने स्वीकार किया। इस पर सीएम आधारभूत ढांचा फंड से विधायक निधि से 10 करोड़ दिए जाएंगे। वहीं आईडीए की स्कीम में कई सोसायटी की जमीन फंसी है। इसमें हजारों प्लाटधारक 25 से 30 साल से फंसे हुए हैं। इसमें सबसे अहम स्कीम 171 है जिसमें पुष्पविहार रहवासी संघ सहित कई सोसायटी उलझी हुई है। इस पर विधायक हार्डिया ने कहा कि इस पर सीएम से विधिवत लंबी चर्चा हो चुकी है। हमारी मांग है कि जो सोसायटी, जमीन आईडीए की स्कीम में फंसी है उन्हें मुक्त किया जाए। इस पर सीएम ने कहा कि जो आपने प्राधिकरण के माध्यम योजनाओं के कारण रहवासियों को कठिनाई की बात उठाई है।

## सीएम मोहन यादव का पटवारी पर फिर हमला, बोले-

# मधु भैया ने चौकड़ी भुला दी, अभी तक होश में नहीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक बार फिर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर निशाना साधा है। इंदौर में उन्होंने बिना नाम लिए तंज कसा और इसी दौरान राऊ से बीजेपी विधायक मधु वर्मा की तारीफ भी की। प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस जीतू पटवारी पर एक बार फिर सीएम डॉ. मोहन यादव ने तंज कसा है। इसके पहले भी सीएम, पटवारी को टपोरी और दो कौड़ी का रद्दी प्रदेश अध्यक्ष बोल चुके हैं।

वहीं हाल ही में उन्होंने महिदपुर में पटवारी को नौसिखिया कहा था। अब उन्होंने इंदौर में जीतू पटवारी की साल 2023 के विधानसभा चुनाव में हुई हार पर जमकर मजे लिए हैं। सीएम ने विधायकों को संबोधित किया। उन्होंने राऊ विधायक मधु वर्मा को लेकर कहा कि...वाह मधु भैय्या क्या चौकड़ी भुलाई, सामने वाले के चारों खाने चित्त कर दिए। उन्होंने आगे कहा कि मधु भैय्या का जलवा है कि अभी तक जवान होश में नहीं है। कहां गया, भगवान जाने। आपको छोड़कर बाकी लोगों को क्या-क्या बोलता है, लेकिन यहां नहीं आता है। सीएम ने कहा कि यहां आए तो आप याद दिला देते हो। भेरू जी याद दिला देते हैं मधु भैय्या। इसके पहले सीएम ने शाजापुर में और फिर इंदौर में एक कार्यक्रम में पटवारी को टपोरी, दो कौड़ी का और रद्दी प्रदेश अध्यक्ष कहा था। वहीं महिदपुर उज्जैन में कहा था कि नौसिखिया को पार्टी की कमान दे दी है, जो कार को खुद ही ठोक रहे हैं...तो हम क्या करें। सीएम डॉ. मोहन यादव ने गोधरा कांड को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोट के लिए धर्म के आधार पर राजनीति करती है।

### पटवारी 35 हजार वोट से हारे थे

जीतू पटवारी साल 2008 में अपना पहला विधानसभा चुनाव बीजेपी के जीतू जिराती से हार गए थे। इसके बाद, उन्होंने साल 2013 और 2018 के चुनावों में शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद साल 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्हें बीजेपी के मधु वर्मा ने 35 हजार से अधिक वोटों से हार दिया।

# अवैध खनन के मामले में नाटी फूड्स पर लगा दो करोड़ अर्थदंड का केस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर की कन्फेक्शनरी कंपनी नाटी फूड्स के मालिक संजय अग्रवाल पर अवैध खनन का केस दर्ज किया गया है। साथ ही संजय अग्रवाल की पत्नी रानी अग्रवाल और भाई विनोद अग्रवाल पर भी केस दर्ज किया गया है। यह मामला अपर कलेक्टर कोर्ट पहुंचा है।

इंदौर की बड़ी कन्फेक्शनरी कंपनी नाटी फूड्स के कारोबारी संजय अग्रवाल अब रियल एस्टेट सेक्टर में भी कदम रख चुके हैं। उनकी रियल एस्टेट कंपनी प्रकृति रियलटर्स प्रा.लि. का स्कीम-140 में बन रहा लग्जरी प्रोजेक्ट सेरेनिटी अब विवादों में आ गया है। इस प्रोजेक्ट पर अवैध खनन का मामला दर्ज हुआ है और केस अपर कलेक्टर कोर्ट, कलेक्टोरेट में पहुंच चुका है।

**खनिज अधिकारी ने जांच में यह पाया**-सहायक खनिज अधिकारी आलोक अग्रवाल ने 24 नवंबर को मौके पर जाकर जांच की थी। इसके बाद सभी लोगों के बयान लिए गए और जरूरी दस्तावेजों की पड़ताल की गई, जिसके आधार पर यह केस तैयार किया गया। जांच में सामने आया कि ग्राम पिपल्याहाना, स्कीम-140 के सर्वे नंबर को लेकर अधिवक्ता ज्ञानेंद्र पटेल ने 12 जून 2025 को अवैध खनन की शिकायत दर्ज कराई थी। मौके पर जांच के दौरान शिकायत सही पाई गई। यहां से अवैध रूप से मुरम और मिट्टी निकाली गई थी, जो मौके पर नहीं मिली। जांच में यह भी सामने आया कि इसे बिना रॉयल्टी और बिना अनुमति के बाहर ले जाया गया था।

# फिट इंदौर योग उत्सव में 200 से अधिक लोगों ने किया योग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर फिट इंदौर द्वारा देवी अहिल्या उद्यान, राजवाड़ा में आयोजित 'फिट इंदौर योग उत्सव 2026' में 200 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना तथा 'स्वच्छ शहर को, स्वस्थ शहर बनाएं' अभियान को आगे बढ़ाना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी एवं विशिष्ट अतिथि पार्षद रूपाली अरुण पेंढारकर रहीं। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। अपने संबोधन में





सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि, 'जब हमने फिट इंदौर की शुरुआत की थी, तब हमारा उद्देश्य केवल स्वच्छ शहर नहीं बल्कि स्वस्थ शहर का निर्माण भी था। जिस प्रकार स्वच्छता हमारे शहर के लिए आवश्यक है, उसी प्रकार नागरिकों का स्वस्थ रहना भी उतना ही जरूरी है। आज वह सपना साकार होता दिखाई दे रहा है और शहर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि, 'जब से हर्ष जोशी ने मुझे नियमित फिटनेस और व्यायाम के लिए प्रेरित किया, तब से मैंने स्वास्थ्य को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया है। आज 66 वर्ष की आयु में भी मैं स्वयं को स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस करता हूं। नियमित योग, व्यायाम और अनुशासित जीवनशैली का सकारात्मक प्रभाव मेरे स्वास्थ्य पर स्पष्ट दिखाई देता है।' फिट इंदौर के संस्थापक, विश्व रिकॉर्ड धारक एवं हर्ष जोशी ने कहा कि योग केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और आनंदमय जीवन जीने की एक श्रेष्ठ पद्धति है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य के लिए समय निकालने तथा योग एवं व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का सम्मान किया गया तथा प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। अंत में सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे नियमित योग, व्यायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर इंदौर को देश का सबसे स्वस्थ शहर बनाने में अपना योगदान देंगे। पिछले 9 वर्षों से फिट इंदौर द्वारा निःशुल्क योग, रनिंग, फिटनेस एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य, योग एवं फिटनेस से जोड़कर एक स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण करना है।

## उप मुख्यमंत्री ने एमवाय अस्पताल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने एमवाय अस्पताल के नए इमारत के निर्माण-विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से प्रगति का जायजा लिया। विधायक गोलू शुक्ला, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. घनघोरिया एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री ने डॉ.घनघोरिया से एमवाय के प्रोजेक्ट ले-आउट निर्माण की कार्ययोजना के प्रगति के बारे में विस्तार से चर्चा की। शुक्ल ने कंपनियों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# भागीरथपुरा दूषित पानी कांड पर रिटायर्ड हाईकोर्ट जस्टिस जांच कमेटी की रिपोर्ट नहीं हुई तैयार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में दिसंबर-जनवरी में भागीरथपुरा में हुए दूषित पानी कांड में अभी भी जांच पूरी नहीं हुई है। इस मामले में हाईकोर्ट ने 29 जनवरी को हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच कमेटी बनाई थी।

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के चलते लगभग 36 लोगों की मौत हुई थी इस भयावह हादसे को लेकर अभी भी जांच रिपोर्ट तैयार नहीं हुई है। विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के बाद इसमें हाईकोर्ट की इंदौर पीठ (बेंच) ने 29 जनवरी को हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस सुशील गुप्ता



की अध्यक्षता में कमेटी बनाई थी। साथ ही कमेटी को चार सप्ताह में रिपोर्ट देनी थी लेकिन नहीं आई। इसके बाद बार-बार समय बढ़ता गया। आखिर में समर वेकेशन के पहले हाईकोर्ट ने जांच कमेटी को 14 जून तक रिपोर्ट देने के लिए कहा था। सूत्रों के अनुसार इसके पहले भी कमेटी ने हाईकोर्ट से जांच के लिए 6 महीने के समय की मांग की थी। लेकिन पीठ ने इसमें ग्रीष्मकालीन अवकाश तक का समय दिया और कमेटी को 14 जून को रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा। लेकिन रिपोर्ट पेश नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार कमेटी फिर समय बढ़ाने की मांग करेगी। अभी भी कमेटी की रिपोर्ट तैयार नहीं है। कमेटी को हाईकोर्ट ने जांच के लिए कई बिंदु तय किए हैं। इसमें दूषित पानी कांड की असल वजह, क्या इसमें कोई केमिकल मिला या कोई अन्य वजह थी यह जांचना है। साथ ही इसके लिए कौन सा अधिकारी जिम्मेदार है और मुआवजा राशि कितनी होनी चाहिए, सहित कई बिंदुओं पर जांच करना है।

# मप्र हाईकोर्ट द्वारा किए जाते हैं नामित

## 98 वकीलो ने सीनियर एडवोकेट के लिए दिए आवेदन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मप्र हाई कोर्ट नामित वरिष्ठ अधिवक्ता (डेजिगनेटेड सीनियर एडवोकेट) के रूप में नामांकित करने के लिए पूरे प्रदेश से 98 वकीलों ने आवेदन दिए हैं। इनमें इंदौर से इंदौर के महापौर व हाई कोर्ट इंदौर के पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता पुष्यमित्र भार्गव सहित 37 वकील शामिल हैं। मप्र हाई कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट के लिए 30 मई तक आवेदन बुलाए थे। जिन वकीलों ने आवेदन किए उनकी सूची जारी करते हुए अब हाई कोर्ट प्रशासन ने इन नामों को लेकर यदि कोई राय या सुझाव आदि देना चाहें तो वे आगामी 26 जून तक दे सकते हैं। इसके बाद साक्षात्कार की प्रक्रिया होगी। उसके बाद चयनित वकीलों की सूची जारी की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में हाई कोर्ट इंदौर में 25 डेजिगनेटेड सीनियर एडवोकेट हैं। गौरतलब है सीनियर एडवोकेट मप्र हाई कोर्ट द्वारा नामित किए जाते हैं। गौरतलब हर सीनियर एडवोकेट को हाई कोर्ट में मुकदमों में पैरवी के लिए वकालतनामा नहीं देना होता।

**ये हैं इंदौर के वकीलों के नाम**-महापौर पुष्यमित्र भार्गव के अलावा एडवोकेट मनोज द्विवेदी, अभय सारस्वत, अभिनव धनोड़कर, अजय आसुदानी, अजय उकास, अजिंक्य डगांवकर, अमितसिंह राठौर, अनिल ओझा, आशीष गुप्ता, आशुतोष निमगांवकर, अविनाश खरे, चेतन निगम, दीपक रावल, गौरव छाबड़ा, घनश्याम यादव, एच वाय महत्ता, गुलाब शर्मा, खिलाड़ी लाल गणगौर, मनीष नायर, मिनी रवींद्रन, नितिन फड़के, पंकज चंद्र बागड़िया, समीर अनंत आठवले, सुहेल निसार, आसिफ अली वारसी, वैभव भागवत, विजय अत्रे, विजय आसुदानी, विकास राठी, विक्रम दुबे, विनय गांधी, विश्वजीत जोशी, विशाल लश्करी, विवेक दलाल, विवेक पटवा, विवेक फड़के एवं योगेश कुमार मित्तल ।

# भाजपा युवा मोर्चा में नियुक्तियों को लेकर सरगर्मी तेज, इंदौर से मांगे गए नाम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश भाजपा में युवा मोर्चा और विभिन्न प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियों को लेकर संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इंदौर जिले में युवा मोर्चा अध्यक्ष समेत कई महत्वपूर्ण पदों के लिए नामों पर मंथन शुरू हो गया है।

पार्टी नेतृत्व ने कोर कमेटी के सदस्यों से संभावित दावेदारों के नाम मांगे हैं, जिसके बाद पैनल तैयार कर प्रदेश नेतृत्व को भेजा जाएगा। जानकारी के अनुसार, हाल ही में हुई नगर भाजपा की कोर कमेटी बैठक में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने सभी सदस्यों से मोर्चा और प्रकोष्ठों के पदों के लिए नाम सुझाने को कहा था। इसके बाद से संगठन में हलचल बढ़ गई है और कई नेता अपने समर्थकों को जिम्मेदारी दिलाने के प्रयास में जुटे हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि सबसे अधिक रुचि भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के अध्यक्ष पद को लेकर दिखाई दे रही है। कई नेताओं ने अपने-अपने समर्थकों के नाम आगे बढ़ाए हैं और अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बताया जा रहा है कि एक दर्जन से अधिक नाम चर्चा में हैं। पार्टी ने सभी नेताओं से 21 जून तक अपने सुझाव भेजने को कहा है। इसके बाद संभागीय प्रभारी, जिला प्रभारी और नगर अध्यक्ष की मौजूदगी में नामों पर विचार कर अंतिम पैनल तैयार किया जाएगा।

# बीआरटीएस पर लगे सिग्नल्स को ऑटोमेटेड करें चौराहों पर स्वयं सेवकों को तैनात करें- हाई कोर्ट

## 6 जुलाई तक नगर निगम, बीआरटीएस रिमूवल कमेटी और ट्रैफिक रेग्युलेटरी कमेटी से मांगी प्रगति रिपोर्ट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के बीआरटीएस को हटाने में की गई देरी, एलिवेटेड कॉरिडोर और खराब होती ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर हाई कोर्ट में लगाई गई जनहित याचिका में शुक्रवार को सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट ने बीआरटीएस की सिग्नल व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि बीआरटीएस पर लगे सभी सिग्नलों को ऑटोमेटेड किया जाए, ताकि भविष्य में बढ़ते ट्रैफिक को सुव्यवस्थित तरीके से सड़कों पर चलाया जा सके। हाईकोर्ट ने अपेक्षा जताई कि अगली 6 जुलाई 2026 को नियत की गई सुनवाई से पहले बीआरटीएस के बाकी 36 ट्रैफिक सिग्नल पूरी तरह से ऑटोमेटेड कर शुरू कर दिए जाएं, जिससे यातायात संचालन अधिक व्यवस्थित हो सके। शहर में यातायात व्यवस्था, बीआरटीएस तोड़ने और अन्य ट्रैफिक से जुड़े मुद्दों को लेकर कुल छह याचिकाएं हाई कोर्ट में लंबित हैं। इस पर जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच में शुक्रवार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अभिभाषक अजय बागड़िया ने पक्ष रखा कि बीआरटीएस के रूट पर कुल 86 सिग्नल लगे हुए हैं। इसमें से स्मार्ट सिटी के अंतर्गत आने वाले 50 सिग्नल पूरी तरह से ऑटोमेटेड हैं, जबकि इंदौर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले बाकी 36 सिग्नल पुरानी तकनीक के हैं। इसको लेकर कोर्ट ने आदेश जारी किया कि धीरे-धीरे बाकी के सिग्नलों को भी पूरी तरह से ऑटोमेटेड कर दिया जाए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।